भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1310**
14/12/2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

राष्ट्रीय  चक्रवात जोखिम शमन परियोजनाएँ

1310. श्री एम. मोहम्मद अब्दुल्ला:

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केंद्र सरकार ने तमिलनाडु राज्य को राष्ट्रीय चक्रवात जोखिम शमन परियोजनाओं के चरण-I और II से बाहर रखा है, जिनका कार्यान्वयन चक्रवातों का बेहतर तरीके से सामना करने और तटीय समुदायों पर चक्रवातों के जोखिम की समस्या के समाधान के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए लागू किया गया था ; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

**उत्तर**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्री**
**(श्री किरेन रीजीजू)**

(क)-(ख) राष्ट्रीय चक्रवात जोखिम शमन परियोजना (NCRMP) विश्व बैंक से सहायता प्राप्त प्रमुख कार्यक्रम है जिसे राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) द्वारा विभिन्न स्तरों की सुभेद्यशीलता वाले तमिलनाडु सहित  13 चक्रवात संभावित तटीय राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में लागू किया जा रहा है।

राष्ट्रीय चक्रवात जोखिम शमन परियोजना के तीन मुख्य घटक हैं:

(i) पूर्व चेतावनी प्रसार प्रणाली।
(ii) चक्रवात जोखिम शमन अवसंरचना।
(iii) मल्टी-हैजर्ड जोखिम प्रबंधन के लिए तकनीकी सहायता।

राष्ट्रीय चक्रवात जोखिम शमन परियोजना की शुरुआत के समय, तमिलनाडु में पहले से ही एक विश्व बैंक से सहायता प्राप्त परियोजना अर्थात तटीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण परियोजना लागू की जा रही थी, जिसमें राष्ट्रीय चक्रवात जोखिम शमन परियोजना के समान विशेषताएं थीं। इसलिए, तमिलनाडु को राष्ट्रीय चक्रवात जोखिम शमन परियोजना में शामिल नहीं किया गया था।

******